(ग्यारह) का० आ० 873 (अ), जो 16 नवम्बर, 1990 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात व्यापार नियंत्रण आदेश सं० 1/90-93 में कतिपय संशोधन किए गए हैं ।

(बारह) का० आ० 874 (अ), जो 16 नवम्बर, 1990 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात व्यापार नियंत्रण आदेश सं० 2/90-93 में कतिपय संशोधन किए गए है ।

(तेरह) का० आ० 904 (अ), जो 23 नवम्बर, 1990 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात व्यापार नियंत्रण आदेश सं० 1/90-93 में कतिपय संशोधन किए गए है ।

(चौदह) का० आ० 935 (अ), जो 6 दिसम्बर, 1990 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात व्यापार नियंत्रण आदेश सं० 9/90-93 में कतिपय संशोधन किए गए हैं ।

(पन्द्रह) का० आ० 15 (अ), जो 11 जनवरी, 1991 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात व्यापार नियंत्रण आदेश सं० 16/90-93 में कतिपय सशोधन किए गए हैं ।

(सोलह) का० आ० 71 (अ), जो 5 फरवरी, 1991 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात व्यापार नियंत्रण आदेश सं० 1/90-93 का 6 फरवरी, 1990 से 30 जून, 1991 तक निलम्बित किया गया है ।

(सत्रह) का० आ० 72 (अ), जो 5 फरवरी, 1991 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात व्यापार नियंत्रण आदेश सं० 3/90-93 को 6 फरवरी से 30 जून, 1991 तक निलम्बित किया गया है'।

(अठारह) का० आ० 73 (अ), जो 5 फरवरी, 1991 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात व्यापार नियंत्रण आदेश सं० 7/90-93 का 6 फरवरी से 30 जून, 1991 तक निलम्बित किया गया है।

(उन्नीस) का० आ० 650 (अ), जो 23 अगस्त, 1990 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात नियंत्रण आदेश संख्या 1/90-93 में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(बीस) आयात (नियंत्रण) (छठा संशोधन) आदेश, 1990 जो 2 अगस्त, 1990 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं० का० आ० 651 (अ) में प्रकाशित हुआ था।

(इक्कीस) का० आ० 663 (अ), जो 28 अगस्त, 1990 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात नियंत्रण आदेश सं० 1/90-93 में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(बाइस) का० आ० 664 (अ), जो 28 अगस्त, 1990 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात नियंत्रण आदेश सं० 2/90-93 में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

(तेइस) का० आ० 665 (अ), जो 28 अगस्त, 1990 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा 30 मार्च, 1990 के आयात नियंत्रण आदेश सं० 10/90-93 में कतिपय संशोधन किए गए हैं।

[ग्रंथालय में रखे गए। देखिए सं० एल० टी० 2280/91]

(2) कॉफी अधिनियम, 1942 की धारा 48 की उपधारा (3) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) :—

(एक) कॉफी बोर्ड कर्मचारी (आचरण) संशोधन नियम, 1990 जो 16 अगस्त, 1990 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं० सा० का० नि० 709 (अ) में प्रकाशित हुए थे।

(दो) कॉफी बोर्ड कर्मचारी (आचरण) संशोधन नियम, 1991 जो 8 फरवरी, 1991 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा० का० नि० 60 (अ) में प्रकाशित हुए थे।

[ग्रंथालय में रखे गए। देखिए संख्या एल० टी० 2281/91]

(3) (एक) चमड़ा निर्यात परिषद्, मद्रास के वर्ष 1989-90 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) चमड़ा निर्यात परिषद, मद्रास के वर्ष 1989-90 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) उपर्युक्त (3) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण दर्शाने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

[ग्रंथालय में रखे गये। देखिये संख्या एल० टी० 2282/91]

11.03½ म० पू०

मन्त्रिपरिषद का त्यागपत्र

[अनुवाद]

महासचिव : महोदय, मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :

(1) अपना तथा अपने मन्त्रिमण्डल का त्यागपत्र देते हुए राष्ट्रपति को प्रधान मन्त्री का 6 मार्च, 1991 का पत्र।

[ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 2215/91]

(2) प्रधान मन्त्री का तथा उनके सहयोगियों का मन्त्रिमण्डल से त्यागपत्र स्वीकार करते हुए तथा नई सरकार बनने तक पद पर बने रहने के लिए प्रधान मन्त्री को राष्ट्रपति का 6 मार्च, 1991 का पत्र।

[ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 2216/91]

11.04 म० पू०

लोक सभा सदस्यों के ग्रुप फोटोग्राफ के बारे में अध्यक्ष द्वारा घोषणा

अध्यक्ष महोदय : जैसाकि लोक सभा बुलेटिनों के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है, कि कल 12 मार्च, 1991 को प्रातः 10.15 बजे संसद भवन में द्वार संख्या-1 और केन्द्रीय कक्ष के बीच लोक सभा के सदस्यों का एक सामूहिक फोटोग्राफ लिया जाएगा।

माननीय मन्त्रियों और सदस्यों से निवेदन है कि वे सामूहिक फोटोग्राफ में सम्मिलित होने के लिए प्रातः ठीक 10.00 बजे निर्धारित स्थान पर एकत्र हों।

प्रथम पंक्ति में बैठने की व्यवस्था को दर्शाने वाला चार्ट संसदीय सूचना कार्यालय तथा बाहरी लॉबी में सदस्यों की जानकारी के लिए रखा गया है।

11.04½ म० पू०

लोक लेखा समिति

बाइसवां प्रतिवेदन

श्री सन्तोष मोहन देव (त्रिपुरा पश्चिम) : महोदय, मैं लोक लेखा समिति का बाईसवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

11.04½ म० पू०

सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति

दसवां और ग्यारहवां प्रतिवेदन

श्री वसुदेव आचार्य (बांकुरा) : महोदय, मैं सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं :

(एक) एयर इण्डिया-निजी प्रचालकों को अनुचित लाभ के सम्बन्ध में सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति (आठवीं लोक सभा) के 58वें प्रतिवेदन में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में समिति का दसवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(दो) कोचीन रिफायनरीज लिमिटेड के सम्बन्ध में सरकारी उपक्रमों सम्बन्धी समिति (आठवीं लोक सभा) के 63वें प्रतिवेदन में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में समिति का ग्यारहवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

11.05 म० पू०

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण सम्बन्धी समिति

चौथा और पांचवां प्रतिवेदन

श्री पूर्ण चन्द्र मलिक (दुर्गापुर) : मैं अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के कल्याण सम्बन्धी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं :—

(एक) रेल मन्त्रालय (रेलवे बोर्ड) भारतीय रेल निर्माण कम्पनी लिमिटेड में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण और उनके नियोजन के बारे में चौथा प्रतिवेदन।

(दो) वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग—बैंकिंग प्रभाग)—देना बैंक में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण और उनके नियोजन तथा बैंक द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को प्रदान की गई ऋण सुविधाओं के बारे में उनचासवें प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही सम्बन्धी पांचवां प्रतिवेदन।

11.05½ म० पू०

विशेषाधिकार समिति

पहला प्रतिवेदन

श्री सोमनाथ चटर्जी (बोलपुर) : मैं विशेषाधिकार समिति का पहला प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं।

11.06 म० पू०

मन्त्री द्वारा वक्तव्य

दिल्ली में भूमि धारणाधिकार की पट्टा प्रणाली को पूर्ण स्वामित्व प्रणाली में परिवर्तित किया जाना

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदय : श्री दौलत राम सारण।

इसलिए कि यह लम्बा ब्यान है, दौलत राम जी आप इसको टेबल पर रख दीजिए।

शहरी विकास मंत्री (श्री दौलत राम सारण) : अध्यक्ष महोदय, मैं दिल्ली में भूमि की पट्टाधृत (लीजहोल्ड) को पूर्ण स्वामित्व (फ्री होल्ड) प्रणाली में बदलने के बारे में एक वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं। (**व्यवधान**)

वक्तव्य

दिल्ली में भूमि धारणाधिकार की पट्टा प्रणाली को पूर्ण स्वामित्व प्रणाली में परिवर्तित किया जाना

[अनुवाद]

दिल्ली में भूमि धारणाधिकार की पट्टा प्रणाली को फ्री-होल्ड में परिवर्तन करने सम्बन्धी विषय

पर पिछले काफी समय से सरकार का ध्यान आकर्षित किया जाता रहा है। अक्तूबर, 1989 में इस बारे में एक निर्णय लिया गया था और दिल्ली में 500 वर्ग मीटर से कम के आवासीय पट्टों के मामले में सम्पति सम्बन्धी पट्टाधिकार को स्वामित्वाधिकार में परिवर्तित करने के बारे में सरकार द्वारा स्वीकृति सम्बन्धी आदेश जारी किए गए थे। तथापि, इन आदेशों पर कार्रवाई किए जाने से पूर्व ही अनेक अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे जिससे कि सम्पूर्ण मामले की फिर से समीक्षा की जानी आवश्यक थी। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि विभिन्न अभ्यावेदनों पर ध्यानपूर्वक विचार करने के पश्चात् सरकार ने, पिछले आदेशों में निर्धारित कतिपय शर्तों को संशोधित करने का निर्णय लिया है। अब यह निर्णय लिया गया है कि 500 वर्ग मीटर आकार तक की सम्पत्तियों के सम्बन्ध में सरकारी एजेन्सी द्वारा दिल्ली में प्रशासित आवासीय पट्टों के परिवर्तन का लाभ अनुमेय होगा। पट्टे के आधार पर दिल्ली विकास प्राधिकरण तथा इसके स्लम विंग द्वारा आवंटित जनता, निम्न आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग व स्वः वित्त पोषित फ्लैटों और दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा पट्टे पर दी गई भूमि पर सामूहिक आवास समितियों के फ्लैटों/टेनामैन्ट्स भी स्वामित्वाधिकार में ऐसे परिवर्तन के पात्र होंगे।

2. पहले किए गए निर्णय के अनुसार दिल्ली विकास प्राधिकरण के जनता फ्लैट तथा 50 वर्ग मीटर तक के प्लाट के सम्बन्ध में यह परिवर्तन निशुल्क: किया जाएगा। 50 वर्ग मीटर से 150 वर्ग मीटर तक प्लाटों के लिए परिवर्तन प्रभारों के सम्बन्ध में पहले आदेशों में कालोनी के बारे में बिना किसी अन्तर के परिवर्तन प्रभारों की कतिपय समान दरें दी गई थीं, हालांकि एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भूमि की कीमत में पर्याप्त अन्तर है। इसे युक्तिसंगत और अधिक समान बनाने की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है कि 50 से 150 वर्ग मीटर तक के स्लैब के लिए एक-मुश्त परिवर्तन शुल्क का हिसाब अब अधिसूचित भूमि दर के 7.5% के आधार पर लगाया जाएगा। पहले के निर्णय में एक और समस्या सामने आई थी कि प्रत्येक स्लैब बदलने पर परिवर्तन शुल्क में पर्याप्त वृद्धि की गई थी। इस कठिनाई से बचने के लिए इन विनिर्दिष्ट दरों को एक स्लैब से दूसरे स्लैब को अब आयकर सूत्र लाइन पर सम्वृद्धि-दर आधार पर तैयार किया गया है। अधिक क्षेत्र-स्लैबों के लिए सम्वृद्धि-दर अधिक हैं।

3. जैसाकि मैंने पहले बताया था, दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैटों और टेनामेन्टों के सम्बन्ध में परिवर्तन प्रभारों में शामिल गणना प्रक्रिया के सरलीकरण की दृष्टि से परिवर्तन प्रभारों को अब फ्लैटों की विभिन्न श्रेणी के लिए जोन वार, श्रेणी-वार आधार पर निर्धारित किया जाता है।

4. उन मामलों में, जहां मुख्त्यारनामा के माध्यम से मूल पट्टाकर्ता द्वारा सम्पति का अन्तरण किया गया है, पहले के आदेशों में नियमितीकरण के लिए द्विचरण प्रक्रिया की परिकल्पना की गई थी। प्रक्रिया को सरल बनाने की दृष्टि से यह निर्णय लिया गया है कि स्वामित्वाधिकार में परिवर्तन के ऐसे मामलों में सामान्य परिवर्तन शुल्क से 33⅓% अधिक प्रभार लगाकर एकल चरण प्रक्रिया में अनुमेय होगा।

5. पहले लिए गए निर्णय में यह निर्धारित किया गया था कि परिवर्तन के लिए विकल्प केवल छः महीने के लिए उपलब्ध होगा। अब सरकार ने निर्णय लिया है कि परिवर्तन के लिए विकल्प देने की कोई समय सीमा नहीं होगी। तथापि, 31-3-92 तक परिवर्तन शुल्क का हिसाब लगाने के प्रयोजनों के लिए लागू भूमि दरें चालू अधिसूचित भूमि दरों के आधार पर होगी, जो 1-4-87 से लागू हो गई हैं। 31-3-92 के पश्चात् परिवर्तन शुल्क इसके पश्चात् प्रभावी भूमि दरों पर आधारित होगा।

6. पट्टा प्रशासक अभिकरणों से यह कहा गया है कि सरकार के आदेशों के कार्यान्वयन के लिए

रूपात्मकताएं और परिवर्तन के लिए आवेदन करने के सम्बन्ध में अनुपालन की जाने वाली प्रक्रिया निर्धारित करने के लिए नोटिस जारी करें। आशा है कि सार्वजनिक नोटिस 60 दिन की अवधि के भीतर जारी किया जाएगा।

7. स्वामित्वाधिकार में परिवर्तन के लिए दी गई शर्तों के सम्बन्ध में ब्यौरे सभा पटल पर रखे गए वक्तव्य में दिए गए हैं। पहले लिए गए निर्णय के अनुसार परिवर्तन शुल्क से होने वाली प्राप्तियों को आवास तथा शहरी विकास कार्यक्रम के लिए उपयोग किया जाएगा जिसमें दिल्ली में सामान्य पूल आवास भी शामिल हैं।

8. मुझे विश्वास है कि दिल्ली के लोगों की काफी पुरानी मांग को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा की गई इस कारंवाई का संसद सदस्य स्वागत करेंगे।

दिल्ली में सम्पत्तियों के सम्बन्ध में लीज होल्ड को फ्री-होल्ड में परिवर्तित करने के बारे में शहरी विकास मंत्री, श्री दौलत राम सारण द्वारा 11-3-91 को दिए गए स्वतः वक्तव्य के पैरा 7 में उल्लिखित ब्यौरे

यह निर्णय लिया गया है कि एकमुश्त में परिवर्तन प्रभारों की अदायगी पर दिल्ली में सम्पत्तियों को पट्टाधृ से फ्री-होल्ड में निम्नलिखित शर्तों पर परिवर्तन करने की स्वीकृति दी जाती है —

(1.1) इस प्रकार के परिवर्तन के लिए विकल्प केवल निम्नलिखित के लिए अनुमेय होगा :—

(क) 500 वर्ग मीटर के आकार तक के पट्टा प्लाटों जहां सार्वजनिक अभिकरण द्वारा रिहायशी योजनों के लिए पट्टा/उप-पट्टा प्रदान किया गया हो;

(ख) दिल्ली विकास प्राधिकरण और इसके मलिनबस्ती एकन्ध द्वारा पट्टा आधार पर आबटित जनता, निम्न आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग तथा स्ववित्त पोषित फ्लैट और टेनामेन्ट्स।

(ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा पट्टे पर दी गई भूमि पर सामूहिक आवास समितियों द्वारा निर्मित फ्लैट और टेनामेन्ट्स।

(1.2) परिवर्तन का विकल्प केवल उन सम्पतियों के मामले में अनुमेय होगा। जिनमें बृहत योजना/क्षेत्रीय विकास योजना में निर्धारित भू-उपयोग रिहायशी हो।

(1.3) एक मुश्त अदा किए जाने वाला परिवर्तन प्रभार इस प्रकार होगा :

(क) प्लाटों के लिए प्लाट का क्षेत्र वर्ग मीटर में	निम्नलिखित आधार पर परिकलित किए जाने वाले परिवर्तन शुल्क	परिवर्तन शुल्क परिकलन सम्बन्धी सूत्र
1	2	3
50 तक	शून्य	शून्य
50 से अधिक तथा 150 तक	50 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र के लिए प्रति वर्ग मीटर अधिसूचित भूमि दर का 7.5%	0.075 × आर × पी-50

1	2	3
150 से अधिक तथा 250 तक	150 वर्ग मीटर के लिए अनुमेय परिवर्तन प्रभार तथा 150 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र के लिए प्रति वर्ग मीटर अधिसूचित भूमि दर का 10%	7.5 × आर + 0.1 × आर × पी-150
250 से अधिक तथा 350 तक	250 वर्ग मीटर के लिए अनुमेय परिवर्तन प्रभार तथा 250 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र के लिए प्रति वर्ग मीटर अधिसूचित भूमि दर का 15%	17.5 × आर + 0.15 × आर × पी-250
350 से अधिक तथा 500 तक	350 वर्ग मीटर के लिए अनुमेय परिवर्तन प्रभार तथा 350 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र के लिए प्रति वर्ग मीटर अधिसूचित भूमि दर का 20%	32.5 × आर + 0.2 × आर × पी-350

उपर्युक्त शुल्क परिकलन करने के लिए अधिसूचित भूमि दरें शहरी विकास मन्त्रालय द्वारा अधिसूचित दरें मानी जाएंगी। 31-3-92 तक की अवधि के लिए परिवर्तन शुल्क शहरी विकास मन्त्रालय द्वारा उनके दिनांक 1-6-1987 के पत्र सं० जे-22011/4/86-एल० डी० के माध्यम से 1-4-87 से लागू अधिसूचित भूमि दरों पर परिकलित होगा। 31-3-92 से आगे की अवधि के लिए परिवर्तन शुल्क परिकलन करने के लिए परिवर्तन तारीख के समय लागू अधिसूचित भूमि दरें होंगी।

(ऐसे क्षेत्रों जिनके सम्बन्ध में शहरी विकास मंत्रालय द्वारा दरें अधिसूचित नहीं की गई हैं, क्षेत्र के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित की गई रिहायशी भूमि दरें लागू होंगी)।

(ख) दिल्ली विकास प्राधिकरण और इसके स्लम विंग द्वारा लीज होल्ड आधार पर आबंटित किए गए फ्लैटों/टेनामेंटों के लिए :

फ्लैट/टेनामेंट की श्रेणी	परिवर्तन प्रभार		
	पूर्वी क्षेत्र	उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र	दक्षिणी क्षेत्र
1	2	3	4
जनता	शून्य	शून्य	शून्य
निम्न आय वर्ग	3,000	9,000	12,000

1	2	3	4
मध्य आय वर्ग	4,250	12,750	17,000
स्व-वित्त पोषित योजना (II)	6,250	18,750	25,000
स्व-वित्त पोषित योजना (III)	7,500	22,500	30,000

(ग) दिल्ली विकास प्राधिकर द्वारा लीज पर दी गई भूमि पर सामूहिक आवास समितियों द्वारा निर्मित फ्लैटों के लिए ।

फ्लैट/टेनामेंट का कुर्सी क्षेत्र	परिवर्तन शुल्क		
	पूर्वी क्षेत्र	उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्र	दक्षिणी क्षेत्र
30 वर्ग मीटर तक	शून्य	शून्य	शून्य
30 वर्ग मी० से अधिक 50 वर्ग मी० तक	3,000	9,000	12,000
50 वर्ग मी० से अधिक 75 वर्ग मी० तक	4,250	12,750	17,000
75 वर्ग मी० से अधिक 100 वर्ग मी० तक	6,250	18,750	25,000
100 वर्ग मी० से अधिक 125 वर्ग मी० तक	7,500	22,500	30,000

125 वर्ग मीटर से अधिक (नीचे पैरा (1.3) (घ) देखें) ।

टिप्पणी :—उपर्युक्त (ख) तथा (ग) में उल्लिखित दरें 31-3-1992 तक लागू रहेंगी 31-3-92 के बाद की अवधि के लिए, उस समय को प्रचलित भूमि दरों के साथ संशोधित परिवर्तन प्रभार अलग से अधिसूचित किए जाएंगे।

(घ) दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा लीज पर दी गई भूमि पर सामूहिक आवास समितियों के फ्लैटों/मकानों के लिए, जिनका कुरसी क्षेत्र 125 वर्ग मी० से अधिक है ।

परिवर्तन प्रभार उपर्युक्त पैरा (1.3)(क) में दिए गए सूत्र के आधार पर निर्धारित किए जाएंगे । प्लाट का क्षेत्र 1.2 × फ्लैट का कुरसी क्षेत्र माना जाएगा ।

(1.4) परिवर्तन के लिए आवेदन पत्र पट्टा प्रशासक अभिकरणों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किए जाएंगे तथा उपर्युक्त पैरा (1.3) में दिए गए सूत्र के अनुसार स्व निर्धारण के आधार पर एक मुश्त परिवर्तन शुल्क सम्बन्धित पट्टा प्रशासक अभिकरण द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा किया जाए । परिवर्तन शुल्क की गणना करने के प्रयोजन हेतु शुल्क जमा करने की तारीख को निर्णायक तारीख माना जाएगा ।

(1.5) उन मामलों में भी, जिनमें पट्टेदार/शिकमी पट्टेदार/आवंटिती ने सम्पत्ति का कब्जा छोड़ दिया है, निम्नलिखित शर्तों पर परिवर्तन की अनुमति दी जाएगी :—

(क) परिवर्तन का आवेदन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाए जिसके पास पट्टेदार/शिकमी पट्टेदार से प्राप्त सम्पत्ति के हस्तांतरण (विक्रय/स्थानांतरण) का मुख्तारनामा हो;

(ख) उस व्यक्ति, जिसके नाम पर परिवर्तन का आवेदन किया जा रहा है, के पक्ष में सम्पत्ति के कब्जे का सबूत दिया गया है।

ऐसे मामलों में उपर्युक्त पैरा (1.3) के अनुसार परिवर्तन शुल्क पर 33⅓ प्रतिशत अधिभार देय होगा जो नियमित पट्टाधारी पर लागू एकमुश्त परिवर्तन प्रभार के अतिरिक्त होगा। (कोई अर्नाजित वृद्धि वसूल नहीं की जाएगी।

(1.6) परिवर्तन के सभी मामलों में, स्टाम्प शुल्क की अदायगी करने पर हस्तांतरण विलेख का पंजीकरण होगा और पंजीकरण प्रभार तथा इस प्रयोजनार्थ क्षतिपूर्ति की राशि परिवर्तन प्रभार की होगी जिसमें यथावश्यक अधिभार भी शामिल है।

2. लाभनुभोगियों की सुविधा के लिए सम्बन्धित पट्टा प्रशासक अधिकरण, परिवर्तन के इच्छुक व्यक्तियों द्वारा आवश्यक प्रभार जमा करने के लिए बैंक में समुचित प्रबन्ध करेंगे।

3. पट्टा प्रशासक अधिकरण एक सार्वजनिक नोटिस जारी करेंगे जिसके इन आदेशों के कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट रूपात्मकताएं, परिवर्तन के लिए आवेदन पत्र देने की कार्यविधि और प्रपत्र, यदि इस प्रयोजनार्थ कोई हो, का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा यह नोटिस इन आदेशों के जारी करने की तारीख के 60 दिन के अन्दर जारी किया जाएगा।

4. एकमुश्त परिवर्तन प्रभार से होने वाली प्राप्ति, जिसमें अधिभार भी शामिल है, का उपयोग दिल्ली आवास तथा शहरी विकास के लिए किया जाएगा जिसमें सामान्य पूल आवास का निर्माण भी शामिल है इस प्रयोजनार्थ दो अलग निधियों का गठन किया जाएगा अर्थात् "सामान्य पूल रिहायशी वास निधि" तथा "दिल्ली शहरी विकास निधि"। इस आदेश के कार्यान्वयन और उपर्युक्त निधियों को प्रशासित करने के लिए विस्तृत प्रशासनिक रूपात्मकताएं/व्यवस्था को इस आदेश के जारी करने की तारीख से 60 दिनों के भीतर तैयार किया जाएगा।

[ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 2283/91]

[हिन्दी]

श्री मदन लाल खुराना (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, लीज के बारे में हम जानना चाहते हैं, पिछली सरकार ने उस समय मिनिस्ट्री से जो कैबिनेट के पास भिजवाया था, उसको चेंज कैसे किया गया ? उस समय सब लोगों से राय करके दिल्ली के लीज सिस्टम को खत्म करने की बात थी, लेकिन इसमें जो दिखाया गया है, यह तो बहुत गलत बात है। (**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : आपको नोटिस देना चाहिए था।

(**व्यवधान**)

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा (दिल्ली सदर) : अध्यक्ष महोदय, आज पार्लियामेंट का लास्ट-डे है। (**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : आपको लिख कर के देना चाहिए था।

(**व्यवधान**)

श्री मदन लाल खुराना : अध्यक्ष महोदय, इन्होंने विश्वास दिलाया था कि आप से बात की जाएगी। हम इनसे बार-बार मिलते रहे हैं। (**व्यवधान**)

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, जब इनसे बात की थी, तब इन्होंने कहा था कि हमसे बात करेंगे और मैं कागज-पत्र इकट्ठे कर रहा हूं। श्री वी० पी० सिंह सरकार में पिछले वर्ष अक्तूबर में निर्णय लिया था उसके बाद मामला कैबिनेट में गया और तीन मिनिस्टर्स की कमेटी बनाई गई, पूरी डिस्कशन हुई। उन सबको बदल करके···(**व्यवधान**)···

अध्यक्ष महोदय : अब आप बैठ जाएं।

(**व्यवधान**)

प्रधान मंत्री (श्री चन्द्र शेखर) : अध्यक्ष महोदय, जब तक यह न मालूम हो कि इनकी शिकायत क्या है, तो कैसे हो सकता है। हां, अगर रेट कुछ बढ़ गया होगा तो आप जानते हैं कि समय-समय पर रिसोर्स मोबिलाइज करने के लिए किया जाता है। अगर आप कहते हैं कि कम करना है, तो कम कीजिए, यह तो सदन के ऊपर है। लेकिन यह, चूंकि, पिछली सरकार ने कर दिया था तो हम उसको मान लें, तो यह तो जरूरी नहीं है। (**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : आप लिख कर के दें।

(**व्यवधान**)

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, दो सरकारों—श्री राजीव गांधी जी की सरकार ने अक्टूबर, 1989 में और श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी की सरकार ने जुलाई, 1990 में—ने तय किया था। इन्होंने पार्लियामेंट के आखिरी दिन यह बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर दिया, यह बहुत अधिक है। लाखों आदमियों को इससे नुकसान पहुंचता है। इसलिए चाहिए तो यह था कि···(**व्यवधान**)···

अध्यक्ष महोदय : आपको लिख कर के देना चाहिए था।

(**व्यवधान**)

श्री मदन लाल खुराना : अध्यक्ष महोदय, मैं कन्सलटेटिव कमेटी का मैम्बर हूं। मैंने कन्सलटेटिव कमेटी में यह इशू उठाया था। मन्त्री जी ने यह विश्वास दिलाया था कि पहले आपसे बातचीत की जाएगी। (**व्यवधान**)

श्री लाल कृष्ण आडवाणी (नई दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, आज का जो सत्र है, वह सत्र इस दृष्टि से है कि कोई संवैधानिक संकट पैदा न हो। इसलिए वोट ऑन-एकाउन्ट आज ही और पंजाब के बारे में हम पास कर लें। इसके अलावा कोई बिजनैस आता है तो मैं यह अपेक्षा करूंगा कि उसके बारे में सहमति लेकर ही करें। इसको मैंने अभी तक पूरा देखा नहीं है, हम भी लीज होल्ड को फ्री-

होल्ड में कन्वर्ट करने के पक्ष में है, लेकिन उसको कन्वर्ट करते हुए नागरिकों पर इतना बोझ डाला जाएगा, जिसको वे वहन न कर सकें, तो यह उचित नहीं होगा। मैं प्रधान मन्त्री जी से निवेदन करूंगा कि इस बारे में दिल्ली के सातों संसद सदस्यों से सलाह करके ही निर्णय करें। (**व्यवधान**)

श्री जे० पी० अग्रवाल (चांदनी चौक) : अध्यक्ष महोदय, हमारी मांग रही है, हमने हमेशा इस बात को उठाया है। इस बारे में हमारी सरकार ने फैसला लिया, लेकिन वह फैसला पूरा नहीं हो सका। मुझे दुःख है कि फैसला लेते समय हमसे बात नहीं की गई। (**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : अग्रवाल साहब, आप बैठ जाएं। प्रधान मन्त्री जी बोल रहे हैं।

(**व्यवधान**)

प्रधान मंत्री (श्री चन्द्र शेखर) : अध्यक्ष महोदय, जैसा कि ये लोग चाहते हैं कि फैसला होना चाहिए और अब फैसला तो इस पर हो गया है। मैं आडवाणी जी की राय से सहमत हूं। इसे टेबल पर मत रखिए, हमें इससे कोई एतराज नहीं है, उससे फैसले में तो कोई फर्क आएगा नहीं। चूंकि सरकार ये फैसला कर चुकी थी, उस दिन अचानक सदन स्थगित हो गया तो हम इसे नहीं रख सके। इसलिए नियमों का पालन करने के लिए हम इसे रख रहे हैं, सदन इसे न रखना चाहे तो मत रखें। लेकिन जो निर्णय हुआ है वह निर्णय तो टेबल पर रखने या न रखने से बदलेगा नहीं। (**व्यवधान**)

श्री मदन लाल खुराना (दक्षिण दिल्ली) : मैं प्रधान मन्त्री जी से कहूंगा कि ये दिल्ली वालों के हक में है इसलिए ये होना चाहिए। अध्यक्ष जी, वही हो रहा है जो पिछली बार कांग्रेस ने किया था। चुनाव से पहले दिखाने के लिए यह सिर्फ ऐसा कर रहे हैं। (**व्यवधान**)

श्री चन्द्र शेखर : चुनाव से इसका क्या मतलब है ? (**व्यवधान**)

11.11 म० पू०

संविधान (पचहत्तरवां संशोधन) विधेयक*

[अनुवाद]

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि भारत के संविधान में और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि भारत के संविधान में और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

---

*दिनांक 11-3-91 के भारत के राजपत्र, असाधारण भाग-2, खण्ड 2, में प्रकाशित।

श्री सबोध कान्त सहाय : मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : अब सदन कार्य सूची में सम्मिलित आर्थिक और अन्य कार्यों को लेगा।

मेरे विचार से सर्वसम्मति होने के कारण अब कोई चर्चा नहीं होगी। किन्तु मैं अगर सदन अनुमति दे तो सारा कार्य निबटाए जाने के पश्चात् मैं प्रत्येक दल और ग्रुप के एक-एक माननीय सदस्य को वाद-विवाद के अन्त में बोलने की अनुमति देने की बात सोच रहा हूं।

(व्यवधान)

श्री इन्द्रजीत (दार्जिलिंग) : अध्यक्ष महोदय, मैंने तीन अन्य सदस्यों द्वारा समर्थित एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था···**(व्यवधान)**

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदय : इन्द्रजीत जी आप बैठ जाइए, हाऊस को चलने दीजिए।

(व्यवधान)

[अनुवाद]

श्री इन्द्रजीत : कम से कम मुझे प्रस्ताव पढ़ने की अनुमति तो दीजिए। इस प्रस्ताव का कई सदस्यों ने समर्थन किया है·· **(व्यवधान)**

प्रो० पी० जे० कुरियन (मवेलीकारा) : महोदय, आपने घोषणा की थी कि सर्वसम्मति हो चुकी है···**(व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय : आप सब सहमत हो चुके हैं।

प्रो० पी० जे० कुरियन : मैं यही कह रहा हूं। आपने घोषणा की है कि सर्वसम्मत्ति हो चुकी है और सभी वित्तीय विधेयक चर्चा किए बिना पारित कर दिए जाएगें। हम इससे सहमत है। इसी पर हम सहमत हुए हैं। अगर चर्चा हुई, जिसका अभी आप आदेश दे रहे है, तो हर दल से एक सदस्य नहीं होना चाहिए···**(व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय : अब मैं सीधे वित्तीय कार्यों को लेता हूं।

(व्यवधान)

प्रो० पी० जे० कुरियन : हम सब सहमत हैं कि इसे बिना चर्चा के पारित कर दिया जाए···

(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप वही दोहरा रहे हैं जो मैं कर चुका हूं।

प्रो० पी० जे० कुरियन : इसे बिना चर्चा के पारित करने में हम पूर्णतः सहमत हैं। किन्तु यदि आप चर्चा की अनुमति दें तो हमें पर्याप्त समय मिलना चाहिए और सिर्फ प्रत्येक दल के सिर्फ एक सदस्य को ही बोलने की अनुमति नही दी जानी चाहिए···**(व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय : आप सब सहमत हो गए थे कि इसे बिना किसी चर्चा के पारित कर दिया जाएगा। अब मैं मद संख्या 21 से 25 को एक साथ चर्चा करने के लिए रखूंगा। (**व्यवधान**)

श्री इन्द्रजीत गुप्त (मिदनापुर) : जो प्रक्रिया आप बता रहे हैं वह हमें बिल्कुल स्पष्ट नहीं है।

अध्यक्ष महोदय : मैं अपनी बात को पुनः दोहराता हूं। अब सदन कार्य सूची में सम्मिलित आर्थिक और अन्य कार्यों को लेगा। मेरे विचार से, सर्वसम्मति होने के कारण अब कोई चर्चा नहीं होगी। किन्तु मेरा विचार है कि सारा कार्य समाप्त होने के पश्चात्, यदि सदन चाहे तो, प्रत्येक दल और ग्रुप के एक-एक सदस्य को मैं वाद विवाद के अन्त में बोलने की अनुमति दे सकता हूं।

(**व्यवधान**)

श्री इन्द्रजीत गुप्त : कार्य समाप्त होने से आपका क्या तात्पर्य है ?

11 जब कार्य समाप्त हो जाएगा। का क्या तात्पर्य है ?···(**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : इसका अर्थ है कि जब वित्तीय कार्य तथा अन्य सम्बन्धित कार्य खत्म हो जाए। इस पर हम सब सहमत हुए हैं।

(**व्यवधान**)

श्री सोमनाथ चटर्जी (बोलपुर) : इसका क्या मतलब है, "जब सारा कार्य समाप्त हो जाए।" सारा काम समाप्त हो जाने के बाद कोई कार्य नहीं होगा···(**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : अगर माननीय सदस्य सदन का समय नहीं लेना चाहते, तो मैं सहमत हूं।

(**व्यवधान**)

श्री इन्द्रजीत : नियम 16 से 22 के अधीन मैं एक व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहता हूं। मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि 21 को राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों को सम्बोधित किया। चर्चा यहां समाप्त हो गई···

अध्यक्ष महोदय : सदन के सामने अब कोई कार्य नहीं है। आप शून्य में व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठा सकते।

(**व्यवधान**)

[**हिन्दी**]

अध्यक्ष महोदय : शून्य में व्यवस्था का प्रश्न उठाएंगे क्या। इन्द्रजीत जी आप बैठ जाइए।

(**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : आप व्यवस्था का प्रश्न उठा रहे है। जबकि हाउस के सामने कोई बिजनेस ही नहीं है।

[अनुवाद]

श्री इन्द्रजीत : मैं एक व्यवस्था का प्रश्न उठा रहा हूं।

अध्यक्ष महोदय : मैं कार्य शुरू करने वाला हू।

श्री इन्द्रजीत : यह सदन···(**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : मैं आपको अनुमति नहीं दे रहा हूं। आप कृपया अपना स्थान ग्रहण करें।

श्री सोमनाथ चटर्जी : प्रधान मंत्री ने सभा को भंग करने की सिफारिश की है किन्तु इस बारे में हमारे पास कोई सूचना नहीं है। और इस बीच सभी प्रकार की चर्चाएं प्रस्ताव आदि हो रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री से जानना चाहूंगा कि क्या वह अपनी उस घोषणा पर दृढ़ है जो उन्होंने सदन में की थी कि उन्होंने त्यागपत्र दे दिया है और उन्होने सभा भंग करने की सिफारिश की है। मैं जानना चाहूंगा कि वस्तुस्थिति क्या है। हम कांग्रेस से भी, जिसने सरकार को समर्थन दिया है। जानना चाहेंगे कि उनकी इस पर क्या प्रतिक्रिया है। सारा वित्तीय कार्य बिना चर्चा के पारित हो रहा है। किन्तु माननीय प्रधान मंत्री या कांग्रेस दल के नेता सभा को विश्वास में नहीं ले रहे हैं। हम नहीं जानते कि क्या हो रहा है। मैं चाहूंगा कि वे उत्तर दें।

प्रधान मंत्री (श्री चन्द्र शेखर) : मैं नहीं जानता कि ये सारे प्रश्न क्यों पूछे जा रहे हैं जब कि मैं किसी के साथ भी कुछ भी चर्चा नहीं कर रहा हूं। राष्ट्रपति को निर्णय लेना है।

श्री जी० एम० बनातवाला (पोन्नानी) : आप जिस लेखानुदान प्रस्ताव पर विचार-विमर्श कर रहे हैं उसके सम्बन्ध में अनुच्छेद 116 के साथ पठित नियम 214 के अन्तर्गत मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। मैं जिस मामले को उठा रहा हूं उसके गम्भीर परिणाम होंगे। इसलिए मेरा अनुरोध है कि मेरी बात सुनी जाए। प्रक्रिया की अवहेलना का अभिप्राय संस्था की अवहेलना है। जब प्रक्रिया की उपेक्षा होती है तब संस्था पर प्रहार शुरू हो जाता है। मेरा तात्पर्य किसी प्रकार संवैधानिक संकट पैदा करना नहीं है क्योंकि मैं समझता हूं कि ऐसा कोई संकट नहीं है। मेरा तर्क यह है कि अनुच्छेद 116 के अन्तर्गत वर्तमान परिस्थितियों में सभा में लेखानुदान प्रस्तुत नहीं किया जा सकता। राष्ट्रपति को संविधान के अनुसार सरकार को आवश्यक धनराशि देने की समस्याओं से निपटाना है। संविधान में ऐसे पर्याप्त उपबन्ध हैं जिनके द्वारा राष्ट्रपति पहली अप्रैल के बाद सरकारी कार्य चलाने के लिए धनराशि दे सकते हैं। प्रधान मंत्री महोदय के त्याग पत्र से सम्बन्धित पत्र और त्यागपत्र को राष्ट्रपति द्वारा स्वीकृति सभा के कार्य-वाही वृतांत में सम्मिलित की गयी है। इन पत्रों को सभा पटल पर रखा गया है। इसलिए मैं आपका ध्यान अनुच्छेद 116 की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं और यह कहना चाहता हूं कि लेखानुदान प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि अनुच्छेद 116 के अन्तर्गत उन परिस्थितियों का उल्लेख किया गया है जिनके अन्तर्गत लेखानुदान प्रस्तुत किया जा सकता है। मैं इस अनुच्छेद के आवश्यक भाग का उल्लेख करना चाहता हूं। आप इस पर ध्यान दे सकते हैं क्योंकि यह प्रक्रिया सम्बन्धी महत्वपूर्ण मामला है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम कोई ऐसा अनुचित पूर्वोदाहरण स्थापित न करें जिससे कि भविष्य में समस्याएं पैदा हों। आज के लेखानुदान के अनुचित पूर्वोदाहरण से लोक-तांत्रिक और संसदीय प्रक्रिया की उपेक्षा होगी और संसदीय लोकतन्त्र का भविष्य भी खतरे मे पड़ सकता है?

अध्यक्ष महोदय : कृपया संक्षेप में बोलिए।

श्री जी० एम० बनातवाला : अनुच्छेद 116, खण्ड (1) में जो कुछ कहा गया है, मैं उसे उद्धृत करता हूं :

"(1) इस अध्याय के पूर्वगामी उपबन्धों में किसी बात के होते हुए भी, लोक सभा को—

(क) किसी वित्तीय वर्ष के भाग के लिए प्राक्कलित व्यय के सम्बन्ध में कोई अनुदान, उस अनुदान के लिए मतदान करने के लिए अनुच्छेद 113 में विहित प्रक्रिया के पूरा होने तक और उस व्यय के सम्बन्ध में अनुच्छेद 114 के उपबन्धों के अनुसार विधि के पारित होने तक पेशगी देगी।"

अनुच्छेद के अगले अंश से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है। प्रश्न यह है, कि मुख्य अनुदानों (बजट) के पारित होने से पहले सभा में लेखानुदान पर विचार किया जा सकता है। यदि मुख्य अनुदानों पर सभा में उचित ढंग से चर्चा नहीं की जा सकती तो मुख्य अनुदानों से पूर्व लेखानुदान का प्रश्न ही नहीं उठता। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि जब प्रधान मंत्री ने राष्ट्रपति से आगामी चुनाव की सिफारिश कर दी है तो मुख्य प्राक्कलन पर जिसका लेखानुदान भाग है, सभा में चर्चा नहीं की जा सकती है ? अनुच्छेद में यह व्यवस्था है कि विचाराधीन मुख्य अनुदानों के साथ लेखानुदान पर विचार किया जा सकता है। जब तक मुख्य अनुदानों पर चर्चा नहीं की जा सकती तब तक मुख्य अनुदानों से सम्बन्धित प्रक्रिया पर विचार करने का प्रश्न ही नहीं उठता। चूंकि मुख्य अनुदानों से सम्बन्धित प्रक्रिया पर सभा में विचार नहीं किया जा रहा है, इसलिए लेखानुदान पर चर्चा नहीं की जा सकती है। सभा में लेखानुदान पर तभी चर्चा की जा सकती है जब मुख्य प्राक्कलन पर चर्चा रोक कर इस लेखानुदान के पारित होने की सम्भावना हो। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि सभा में मुख्य प्राक्कलन पर चर्चा न होने के कारण इससे सम्बन्धित प्रक्रिया के पूरा होने का प्रश्न ही नहीं उठता। इस कारण इस प्रक्रिया के लम्बित होने का प्रश्न ही नहीं उठता और इसलिए लेखानुदान प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। ऐसा मामला राष्ट्रपति महोदय के पास भेजा जाए। ऐसे अनेक अनुच्छेद हैं जिनके द्वारा राष्ट्रपति को धनराशि की व्यवस्था करने का अधिकार दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय : ठीक है आप व्यवस्था का प्रश्न उठा चुके हैं।

श्री जी० एम० बनातवाला : मुस्लिम लीग के संसद सदस्य श्री इब्राहीम सुलेमान सेट, मैं और मुस्लिम लीग के अन्य संसद सदस्यों ने राष्ट्रपति से भेंट की है और उनका ध्यान संविधान के उन प्रावधानों की ओर आकर्षित किया है जिनके अन्तर्गत वह चुनावों को ध्यान में रखते हुए पहली अप्रैल से सरकार के लिए धनराशि की व्यवस्था कर सकते हैं। इसलिए किसी भी प्रकार का वित्तीय अथवा संवैधानिक संकट नहीं है। इस प्रकार का संकट केवल हमारे दिमाग में है परन्तु ऐसा नहीं है। निस्संदेह राजनैतिक संकट विद्यमान है जिसे तत्काल चुनावों के द्वारा हल किया जा सकता है। इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि सभा में इस लेखानुदान को प्रस्तुत न किया जाए। सभा को स्थगित किया जाए ताकि तत्काल चुनाव कराए जा सकें। इसके अलावा सभा के समक्ष कोई चारा नहीं है।

श्री इन्द्रजीत : महोदय, प्रक्रिया के बारे में मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

अध्यक्ष महोदय : क्या इसके बारे में ?

श्री इन्द्रजीत : महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रक्रिया के सम्बन्ध में कौल और शकधर ने बड़े स्पष्ट रूप में उल्लेख किया है। उन्होंने पृष्ठ 175 पर लिखा है कि प्रधान मंत्री द्वारा चर्चा का उत्तर देने, प्रस्तुत संशोधनों को निपटाने के बाद धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है। प्रस्ताव प्रस्तुत होने के बाद···

अध्यक्ष महोदय : मैंने आपको धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रश्न पूछने की अनुमति नहीं दी है।

(व्यवधान)

श्री इन्द्रजीत : चर्चा समाप्त नहीं हो रही है। यह चर्चा निष्फल नहीं जा रही है। इसलिए ऐसा करना सभा के लिए बड़ा अशिष्ट और काल्पनिक होगा। क्या इसे कार्यवाही वृतान्त में सम्मिलित किया जाएगा कि नवीं लोक में, जिसे राष्ट्रपति महोदय ने सम्बोधित किया था, धन्यवाद प्रस्ताव भी प्रस्तुत नहीं किया गया। मैं प्रस्ताव करता हूं कि शिष्टता के नाते आम सहमति से धन्यवाद प्रस्तुत किया जाए।

श्री वसंत साठे (वर्धा) : महोदय, हम जानना चाहते हैं कि राष्ट्रपति के अभिभाषण और धन्यवाद प्रस्ताव का क्या हुआ? क्या ऐसा समझा जा रहा है कि यह अस्वीकृत हो चुका है? क्या इसे पारित समझा जा रहा है? क्या हुआ? हमें यह जानकारी मिलनी चाहिए। आप इस पर मतदान कराएं। इस पर अब तक मतदान नहीं हुआ है। कृपया इस पर मतदान कराएं। इस पर क्या हुआ यह हमें मालूम होना चाहिए। इस सम्बन्ध में क्या हुआ हम जानना चाहते हैं। **(व्यवधान)**

श्री इन्द्रजीत : मैं अपने प्रश्न पर आय का विनिर्णय जानना चाहता हूं। क्या यह अस्वीकार कर दिया गया है।

अध्यक्ष महोदय : जी हां। इसे अस्वीकार कर दिया गया है। मैंने अपना विनिर्णय दे दिया है कि यह अस्वीकृत किया जा चुका है।

प्रधान मंत्री के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद कार्य कर रहा है। कोई राजनैतिक अभाव नहीं है। वित्तीय मामलों के संचालन में सरकार पूरी तरह सक्षम है। इसलिए मैंने व्यवस्था के प्रश्न को अस्वीकार कर दिया है।

अब श्री जनेश्वर मिश्र बोलें।

(व्यवधान)

श्री इन्द्रजीत : महोदय, राष्ट्रपति के अभिभाषण का क्या हुआ? आपने मेरे व्यवस्था के प्रश्न पर कोई विनिर्णय नहीं दिया है। **(व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय : अब मैं नहीं सुन सकता। आप मंत्री की बात सुनें।

एक माननीय सदस्य : महोदय, क्या यह सही है।

अध्यक्ष महोदय : जी हां यह सही है, बिल्कुल सही।

———

11.28 म० पू०

अध्यक्ष महोदय : अब सभा मद संख्या 21 से 25 पर एक साथ चर्चा करेगी ।

रेल अभिसमय समिति

तीसरा प्रतिवेदन

[हिन्दी]

रेल मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : मैं निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करता हूं :

"कि यह सभा रेल उपक्रम द्वारा सामान्य राजस्व को देय लाभांश की दर तथा रेल वित्त और सामान्य वित्त से सम्बन्धित अन्य आनुषंगिक मामलों का पुनर्विलोकन करने के लिए नियुक्त की गई रेल अभिसमयसमिति, 1989 के तीसरे प्रतिवेदन, जिसे 22-2-1991 को लोक सभा के पटल पर रखा गया था, मैं अन्तर्विष्ट पैरा 13 से 17 में की गई सिफारिशों का अनुमोदन करती है।" (व्यवधान)

[अनुवाद]

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा) : महोदय, हम कुछ भी नहीं सुन सके ।

अध्यक्ष महोदय : अब मैं संकल्प को स्वीकृति के लिए रखता हूं ।

श्री बसुदेव आचार्य : उन्होने प्रभावित श्रमिकों को पुनः बहाल करने के सम्बन्ध में कुछ नहीं कहा है। (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : अब मैं रेल अभिसमय समिति के तीसरे प्रतिवेदन में की गई सिफारिशों के सम्बन्ध में श्री जनेश्वर मिश्र द्वारा प्रस्तुत संकल्प को चर्चा के लिए रखता हूं :

प्रश्न यह है :

"कि यह सभा रेल उपक्रम द्वारा सामान्य राजस्व को देय लाभांश की दर तथा रेल वित्त और सामान्य वित्त से सम्बन्धित अन्य आनुषंगिक मामलों का पुनर्विलोकन करने के लिए नियुक्त की गई रेल अभिसमय समिति, 1989 के तीसरे प्रतिवेदन, जिसे 22-2-1991 को लोक सभा के पटल पर रखा गया था, में अन्तर्विष्ट पैरा 13 से 17 में की गयी सिफारिशों का अनुमोदन करती है ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

अध्यक्ष महोदय : मैं अब वर्ष 1991-92 के लिए लेखानुदान की मांगें (रेलवे) मतदान के लिए रखता हूं ।

श्री सोमनाथ चटर्जी (बोलपुर) : महोदय कौन सा मद ? केवल मद संख्या 22 को निपटाया गया है। मद संख्या 23 के सम्बन्ध में क्या हुआ ? हम यह जानना चाहते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : मद संख्या 23 पर अब विचार होगा।

(व्यवधान)

11.30 म० पू०

अंतरिम बजट (रेलवे) 1991-92

लेखानुदानों की मांगें (रेलवे), 1991-92

अध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

"कि कार्य सूची के स्तम्भ 2 में भाग संख्या 1 से 16 के सामने दिखाए गए मांग शीर्षों के सम्बन्ध में 31 मार्च, 1992 को समाप्त होने वाले वर्ष में भुगतान के दौरान होने वाले खर्चों को अदा करने के लिए कार्य सूची के स्तम्भ 3 में दिखाई गई राशियों से अनधिक सम्बन्धित राशियां भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को दी जाएं।"

श्री सोमनाथ चटर्जी (बोलपुर) : अध्यक्ष महोदय, मन्त्री जी ने सभा के समक्ष बर्खास्त कर्मचारियों को बहाल करने के सम्बन्ध में कुछ वायदे किए हैं। उन्होंने वचन दिया था। इसलिए उन्हें घोषणा करनी है। **(व्यवधान)**

प्रधान मंत्री (श्री चन्द्र शेखर) : अध्यक्ष महोदय, समस्या यह है कि यदि आप सभी वित्तीय विधेयकों को बिना चर्चा कराए पारित करना चाहते हैं तो मन्त्री से उन पर वक्तव्य देने की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। बिना वक्तव्य दिए, वह सभा को कोई आश्वासन किस तरह दे सकते हैं? **(व्यवधान)** इसलिए, उन्हें माननीय मन्त्री को सुनने के लिए सहमत होना चाहिए।

[हिन्दी]

रेल मन्त्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : अध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों जब आर० पी० एफ० एसोसिएशन के बारे में सदन में शोर मचा था तो उस समय रिट्रेंचड एम्प्लाईज पर बहस हो रही थी और रिट्रेंचड एम्प्लाईज के बारे में भी माननीय सदस्यों ने मांग की थी कि उन्हें काम पर वापिस लिया जाना चाहिए। हमने उस समय भी कहा था कि जब इस मांग पर बहस होगी तो उस दिन के लिए आप कुछ छोड़ दीजिए लेकिन आज बहस होनी नहीं है। बार-बार उसी बात को ये लोग दोहरा रहे हैं। हमने यह निर्णय लिया है। वैसे हम पिछली सरकार को बता दें कि माननीय जार्ज फर्नान्डीज ने उन डिसमिस्ड एम्प्लाईज को वापिस लेने के लिए एक आदेश जारी किया था। कैबिनेट में उस प्रस्ताव को ले गए थे। कैबिनेट ने भी उसको पास कर दिया था लेकिन उन दिनों चूंकि भाजपा ने सरकार से अपना समर्थन वापिस ले लिया था, इसलिए राष्ट्रपति ने यह आदेश दिया कि इस तरह के निर्णय लेने का अधिकार इस मन्त्रिमण्डल को नहीं है और इसे रिसाइण्ड किया जाए और वह रिसाइण्ड कर दिया गया था वी० पी० सिंह की सरकार के जमाने में। आज मैं अपने मन्त्रालय की तरफ से यह आश्वासन दे रहा हूं और यह निर्णय भी ले रहा हूं कि जो डिसमिस्ड एम्प्लाईज हैं, उन सबों को वापिस लिया जाएगा लेकिन वह कैबिनेट को भेजा जाएगा, क्योंकि वह पहले भी कैबिनेट में जा चुका है और कैबिनेट में पास होने के बाद उनका निर्णय राष्ट्रपति देंगे तो उस पर कार्रवाई होगी।

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि कार्य सूची के स्तम्भ 2 में भाग संख्या 1 से 16 के सामने दिखाए गए मांग शीर्षों के सम्बन्ध में 31 मार्च 1992 को समाप्त होने वाले वर्ष में भुगतान के दौरान होने वाले खर्चों को अदा करने के लिए कार्य सूची के स्तम्भ 3 में दिखाई गई राशियों से अनधिक सम्बन्धित राशियां भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को दी जाएं।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

लोक सभा द्वारा स्वीकृत वर्ष 1991-92 के लिए लेखानुदान की मांगों (रेलवे) की सूची

मांग की संख्या	मांग का नाम	सदन द्वारा स्वीकृत लेखानुदान की मांग की राशि
1	2	3
		रु०
1.	रेलवे बोर्ड	3,69,09,000
2.	विविध व्यय (सामान्य)	24,37,58,000
3.	रेलों पर सामान्य अधीक्षण और सेवाएं	173,30,99,000
4.	रेलपथ और निर्माण कार्यों की मरम्मत और अनुरक्षण	351,43,01,000
5.	रेल इन्जनों की मरम्मत और अनुरक्षण	274,98,71,000
6.	सवारी और माल डिब्बों की मरम्मत और अनुरक्षण	371,10,34,000
7.	संयंत्र और उपस्करों की मरम्मत और अनुरक्षण	185,80,79,000
8.	परिचालन व्यय—चल स्टाक और उपस्कर	290,73,11,000
9.	परिचालन व्यय—यातायात	562,15,41,000
10.	परिचालन व्यय—ईंधन	628,48,01,000
11.	कर्मचारी कल्याण और सुविधाएं	127,80,31,000
12.	विविध संचालन व्यय	194,01,82,000
13.	भविष्य निधि, पेंशन और अन्य सेवा-निवृति लाभ	323,18,52,000
14.	निधियों में विनियोग	1040,66,67,000
15.	सामान्य राजस्व को लाभांश, सामान्य राजस्व से लिए गए ऋण की अदायगी और अति-पूंजीकरण का परिशोधन	8,73,54,000

1	2	3
16.	परिसम्पतियां—खरीद, निर्माण और बदलाव	
	राजस्व	16,00,03,000
	अन्य व्यय	
	पूंजी	1861,45,16,000
	रेलवे निधियां	800,79,36,000

11.34½ म० पू०

अनुपूरक अनुदानों की मांगें (रेलवे) 1990-91

अध्यक्ष महोदय : अब हम मद संख्या 24 पर चर्चा करेंगे। अब मैं वर्ष 1990-91 के लिए अनुपूरक अनुदानों की मांगें (रेलवे) सभा में मतदान के लिए रखता हूं।

प्रश्न है :

"कि कार्य सूची के स्तम्भ 2 में दिखाई गई निम्नलिखित मांगों के सम्बन्ध में 31 मार्च, 1991 को समाप्त होने वाले वर्ष में संदाय के दौरान होने वाले खर्चों को अदा करने के लिए कार्य सूची के स्तम्भ 3 में दिखाई गई राशियों से अनधिक सम्बधित अनुपूरक राशियां भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को दी जाएं—मांग संख्या 1, 2, 10, 13 और 16···"

प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

लोक सभा द्वारा स्वीकृत वर्ष 1990-91 के लिए अनुदान की पूरक मांगों (रेलवे) की सूची

मांग संख्या	मांग का नाम	सदन द्वारा स्वीकृत अनुदान की मांग की राशि
		रु०
1	रेलवे बोर्ड	84,66,00
2	विविध व्यय (सामान्य)	10,00,00,000
10	परिचालन व्यय—ईंधन	122,45,07,000
13	भविष्य निधि, पेंशन, और अन्य सेवा-निवृत्ति लाभ	41,67,49,000
16	परिसम्पत्तियां—खरीद, निर्माण और बदलाव	
	अन्य व्यय	
	पूंजी	102,44,50,000
	रेलवे निधियां	26,23,83,000

11.35 म० पू०

अतिरिक्त अनुदानों की मांगें (रेल), 1987-88

अध्यक्ष महोदय : अब हम मद संख्या 25, अर्थात् वर्ष 1987-88 के लिए अनुदानों की अतिरिक्त मांगों (रेलवे) पर चर्चा व मतदान शुरू करेंगे।

प्रश्न यह है :

"कि कार्य सूची के स्तम्भ 2 में दिखाई गई निम्नलिखित मांगों के सम्बन्ध में 31 मार्च, 1988 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान सम्बन्धित अनुदानों से अतिरिक्त राशि की कमी को पूरा करने के लिए कार्य सूची के स्तम्भ 3 में दिखाई गई राशियों से अनधिक सम्बन्धित अतिरिक्त राशियां भारत की सचित निधि में से राष्ट्रपति को दी जाए। दर्शाए गए मांग संख्या 9, 13 और 14।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

1987-88 के लिए सदन द्वारा स्वीकृत अनुदान की अतिरिक्त मांगों (रेलवे) की सूची, (कार्यक्रम की सूची, के अनुसार)

मांग संख्या	मांग का नाम	सदन द्वारा स्वीकृत मांग की रकम
		रु०
9	परिचालन व्यय—यातायात	27,93,82,551
13	भविष्य निधि, पेन्शन और अन्य सेवा निवृत्ति लाभ	110,01,35,229
14	निधियों में विनियोग	19,19,58,105

श्री पी० सी० थामस (मुवत्तुपुजा) : महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। मेरा यह कहना है कि इनमें से किसी भी मद जिसे चर्चा के लिए स्वीकार किया गया, पर चर्चा नहीं होगी ऐसा विनिर्णय नहीं दिया गया है''' (**व्यवधान**)

अध्यक्ष महोदय : व्यवस्था का कोई प्रश्न नहीं है। कृपया अपना स्थान ग्रहण कीजिए।

11.36 म० पू०

विनियोग (रेल) लेखानुदान विधेयक-1991*

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : अब हम मद संख्या 26 और 24 पर चर्चा करेंगे।

---

*दिनांक 11-3-1991 के भारत के राजपत्र असाधारण भाग-2, खंड-2, में प्रकाशित।

श्री जनेश्वर मिश्र ।

[हिन्दी]

रेल मन्त्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1991-92 के एक भाग की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से और में से कतिपय राशियां निकालने के लिए उपबन्ध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1991-92 के एक भाग की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से और में से कतिपय राशियां निकालने के लिए उपबन्ध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[हिन्दी]

श्री जनेश्वर मिश्र : मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं ।**

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : अब मन्त्री महोदय प्रस्ताव करें कि विधेयक पर विचार किया जाए ।

[हिन्दी]

श्री जनेश्वर मिश्र : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1991-92 के एक भाग की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से और में से कतिपय राशियां निकालने के लिए उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1991-92 के एक भाग की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से और में से कतिपय राशियां निकालने के लिए उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

अध्यक्ष महोदय : अब हम विधेयक पर खंड-वार विचार आरम्भ करेंगे ।

**राष्ट्रपति की सिफारिश से पुरःस्थापित ।

प्रश्न यह है :

"कि खंड-2 और 3 तथा अनुसूची विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

खंड 2 और 3 तथा अनुसूची विधेयक में जोड़ दिए गए ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड-1, अधिनियमन सूत्र तथा विधेयक का पूरा नाम विधेयक का अंग बने ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र तथा विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए ।

अध्यक्ष महोदय : अब मन्त्री महोदय प्रस्ताव करें कि विधेयक पारित किया जाए ।

[हिन्दी]

श्री जनेश्वर मिश्र : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक पारित किया जाए ।"

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

11.39 म० पू०

विनियोग (रेल) विधेयक-1991*

अध्यक्ष महोदय : अब हम मद संख्या 28 और 29 पर चर्चा करेंगे ।

श्री जनेश्वर मिश्र ।

[हिन्दी]

रेल मन्त्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष

*दिनांक 11-3-1991 के भारत के राजपत्र, असाधारण भाग 2, खंड 2, में प्रकाशित ।

1990-91 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से और में से कतिपय और राशियों का संदाय और विनियोग प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1990-91 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से और में से कतिपय और राशियों का संदाय और विनियोग प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री जनेश्वर मिश्र : मैं विधेयक पुरःस्थापित** करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : अब मंत्री महोदय प्रस्ताव करें कि विधेयक के प्रस्ताव पर विचार किया जाए।

श्री जनेश्वर मिश्र : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1990-91 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से और में से कतिपय और राशियों का संदाय और विनियोग प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि रेलों के प्रयोजनार्थ वित्तीय वर्ष 1990-91 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि से और में से कतिपय और राशियों का संदाय और विनियोग प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अध्यक्ष महोदय . अब हम विधेयक पर खंड-वार विचार आरम्भ करें।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 और 3 तथा अनुसूची विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 और 3 तथा अनुसूची विधेयक में जोड़ दिए गए।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खंड 1, अधिनियमन सूत्र तथा विधेयक का पूरा नाम विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**राष्ट्रपति की सिफारिश से पुरःस्थापित।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र तथा विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

[हिन्दी]

श्री जनेश्वर मिश्र : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि विधेयक परित किया जाए।

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

11.42 म० पू०

विनियोग (रेल) संख्यांक 2 विधेयक, 1991*

[हिन्दी]

रेल मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि 31 मार्च, 1988 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान रेलों के प्रयोजनार्थ कतिपय सेवाओं पर खर्च की गई धनराशि, जो उन सेवाओं तथा उस वर्ष के लिए प्रदत्त राशियों से अधिक है, को पूरा करने के लिए भारत की संचित निधि में से राशियों के विनियोग को प्राधिकृत करने का उपबन्ध करने वाले विधेयक को पुरः-स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि 31 मार्च, 1988 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान रेलों के प्रयोजनार्थ कतिपय सेवाओं पर खर्च की गई धनराशि, जो उन सेवाओं तथा वर्ष के लिए प्रदत्त राशियों से अधिक है, को पूरा करने के लिए भारत की संचित निधि में से राशियों के विनियोग को प्राधिकृत करने का उपबन्ध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

[हिन्दी]

श्री जनेश्वर मिश्र : अध्यक्ष महोदय, मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।**

---

* दिनांक 11-3-91 के भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 2 में प्रकाशित।

** राष्ट्रपति की सिफारिश से पुरःस्थापित।

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : अब मन्त्री महोदय प्रस्ताव करें कि विधेयक पर विचार किया जाए।

श्री जनेश्वर मिश्र : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि 31 मार्च 1988 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान रेलों के प्रयोजनार्थ कतिपय सेवाओं पर खर्च की गई धनराशि, जो उन सेवाओं तथा उस वर्ष के लिए प्रदत्त राशियों से अधिक है, को पूरा करने के लिए भारत की संचित निधि में से राशियों के विनियोग को प्राधिकृत करने का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि 31 मार्च, 1988 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान रेलों के प्रयोजनार्थ कतिपय सेवाओं पर खर्च की गई धनराशि, जो उन सेवाओं तथा उस वर्ष के लिए प्रदत्त राशियों से अधिक है, को पूरा करने के लिए भारत की संचित निधि में से राशिओं के विनियोग को प्राधिकृत करने का उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अध्यक्ष महोदय : अब हम विधेयक पर खण्ड-वार विचार आरम्भ करेंगे।

प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2 और 3 तथा अनुसूची विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 और 3 तथा अनुसूची विधेयक में जोड़ दिए गए।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र तथा विधेयक का पूरा नाम विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र तथा विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

[हिन्दी]

श्री जनेश्वर मिश्र : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि विधेयक पारित किया जाए।

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है।

"कि विधेयक पारित किया जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

11.44 म० पू०

अन्तरिम बजट (सामान्य) 1991-92

लेखानुदानों की मांगें (सामान्य) 1991-92

अध्यक्ष महोदय : अब सभा में वर्ष 1991-92 के लिए अन्तरिम बजट (सामान्य) के सम्बन्ध में में मद सं० 32 से 35 पर विचार किया जाएगा ।

प्रश्न यह है :

"कि कार्य सूची के स्तम्भ 4 में मांग संख्या 1 से 27, 29, 30, 32 से 88, 90, 92 से 97 के सामने दिखाए गए मांग-शीर्षों के सम्बन्ध में 31 मार्च, 1992 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान होने वाले खर्चों की अदायगी करने के लिए या के सम्बन्ध में कार्य सूची के स्तम्भ 5 में दिखाई गई राजस्व लेखा तथा पूंजी लेखा सम्बन्धी राशियों से अनधिक सम्बन्धित राशियां भारत की संचित निधि में से, लेखे पर राष्ट्रपति को दी जाएं ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

लोक सभा द्वारा स्वीकृत वर्ष 1991-92 के लिए लेखानुदानों की मांगें (सामान्य)

मांग संख्या	मांग का नाम	लोक सभा द्वारा स्वीकृत लेखानुदान की मांग की राशि	
1	2	3	
		राजस्व रु०	**पूंजी** रु०
	कृषि मन्त्रालय		
1.	कृषि	1183,63,00,000	3,93,00,000
2.	कृषि और सहकारिता विभाग की अन्य सेवाएं	115,81,00,000	74,68,00,000
3.	कृषि अनुसन्धान और शिक्षा विभाग	115,34,00,000	—

1	2	3
4.	ग्रामीण विकास विभाग	1090,01,00,00	17,00,000
5.	उर्वरक विभाग	1903,31,00,000	29,57,00,000
	नागर विमानन मंत्रालय		
6.	नागर विमानन मन्त्रालय	14,27,00,000	5,28,00,000
	वाणिज्य मंत्रालय		
7.	वाणिज्य विभाग	841,85,00,000	408,19,00,000
8.	पूर्ति विभाग	9,14,00,000	—
	संचार मंत्रालय		
9.	संचार मन्त्रालय	3,86,00,000	—
10.	डाक सेवाएं	463,03,00,000	16,97,00,000
11.	दूरसंचार सेवाएं	1470,49,00,000	878,66,00,000
	रक्षा मंत्रालय		
12.	रक्षा मन्त्रालय	369,73,00,000	37,59,00,000
13.	रक्षा पेन्शनें	583,22,00,000	—
14.	रक्षा सेवाएं-थल सेना	2727,99,00,000	—
15.	रक्षा सेवाएं-नौ सेना	300,27,00,000	—
16.	रक्षा सेवाएं-वायु सेना	692,88,00,000	—
17.	रक्षा आयुध निर्माणिया	120,43,00,000	—
18.	रक्षा सेवाओं पर पूंजी परिव्यय	—	1598,51,00,000
	ऊर्जा मंत्रालय		
19.	कोयला विभाग	53,67,00,000	297,67,00,000
20.	विद्युत विभाग	151,94,00,000	712,31,00,000
21.	गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत विभाग	44,49,00,000	1,66,00,000
	पर्यावरण और वन मंत्रालय		
22.	पर्यावरण और वन मन्त्रालय	98.75,00,000	2,52,00,000

1	2	3	
	विदेश मंत्रालय		
23.	विदेश मन्त्रालय	172,72,00,000	22,28,00,000
	वित्त मंत्रालय		
24.	आर्थिक कार्य विभाग	140,48,00,000	100,88,00,000
25.	करेन्सी, सिक्का निर्माण और स्टाम्प	122,02,00,000	63,29,00,000
26.	वित्तीय संस्थानों को अदायगियां	82,00,00,000	1488,78,00,000
27.	पेन्शनें	182,95,00,000	—
29.	राज्य सरकारों को अन्तरण	1484,60,00,000	41,40,00,000
30.	सरकारी कर्मचारियों आदि को उधार	—	73,60,00,000
32.	व्यय विभाग	2,81,00,000	1,31,00,000
33.	लेखा परीक्षा	89,78,00,000	—
34.	राजस्व विभाग	25,66,00,000	58,00,000
35.	प्रत्यक्ष कर	83,33,00,000	40,00,00,000
36.	अप्रत्यक्ष कर	134,99,00,000	49,05,00,000
	खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय		
37.	खाद्य विभाग	649,91,00,090	45,47,00,000
38.	नागरिक पूर्ति विभाग	3,28,00,000	1,17,00,000
	खाद्य संसाधन उद्योग मंत्रालय		
39.	खाद्य संसाधन उद्योग मन्त्रालय	8,14,00,000	4,25,00,000
	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय		
40.	स्वास्थ्य विभाग	179,55,00,000	58,71,00,000
41.	परिवार कल्याण विभाग	267,34,00,000	28,00,000

1	2	3	
	गृह मंत्रालय		
42.	गृह मन्त्रालय	106,04,00,000	4,33,00,000
43.	मन्त्रिमण्डल	3,93,00,000	—
44.	पुलिस	574,17,00,000	133,01,00,000
45.	गृह मन्त्रालय का अन्य व्यय	119.72,00,000	38,26,00,000
46.	संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को अन्तरण	31,34,00,000	16,81,00,000
	मानव संसाधन विकास मंत्रालय		
47.	शिक्षा विभाग	573,62,00,000	20,00,000
48.	युवा कार्य और खेल विभाग	37,40,00,000	73,00,000
49.	कला और संस्कृति	39,51,00,000	—
	उद्योग मंत्रालय		
50.	औद्योगिक विकास विभाग	45,98,00,000	4,00,000
51.	कम्पनी कार्य विभाग	3,33,00,000	1,00,000
52.	भारी उद्योग विभाग	10,03,00,000	91,81,00,000
53.	लघु उद्योग और कृषि एवं ग्रामीण उद्योग विभाग	105,16,00,000	94,62,00,000
	सूचना और प्रसारण मंत्रालय		
54.	सूचना और प्रसारण मन्त्रालय	33,78,00,000	1,87,00,000
55.	प्रसारण सेवाएं	265,30,00,000	119,08,00,000
	श्रम मंत्रालय		
56.	श्रम मन्त्रालय	137,73,00,000	24,00,000
	विधि और न्याय मंत्रालय		
57.	विधि और न्याय	25,61,00,000	—
	संसदीय कार्य मंत्रालय		
58.	संसदीय कार्य मन्त्रालय	43,00,000	—

1	2	3
	कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय	
59.	कार्मिक लोक शिकायत और पेन्शन मन्त्रालय	17,40,00,000	38,00,000
	पेट्रोलियम और रसायन मंत्रालय	
60.	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विभाग	33,99,00,000	55,00,00,000
61.	रसायन और पेट्रोलियम विभाग	4,14,00,000	4,13,00,000
	योजना मंत्रालय	
